हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 3 दिसंबर 2025

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

04 भेदभाव कम करना और पीड़ितों को समाज में …



07 खुर्दऊमरी गांव होगा विस्थापित, जिला और…



## खबर संक्षेप

### जनसुनवाई में हुई 151 आवेदनों पर कार्रवाई

**सागर**। कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में आज 151 आम लोगों की समस्याओं को सुना गया और अधिकारियों को तत्परता से आमजन की समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में कलेक्टर संदीप जी आर, पुलिस अधीक्षक विकास शाहवाल, जिला पंचायत सीईओ विवेक केवी, सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। राज्य शासन के निर्देश पर आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए प्रत्येक सप्ताह मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इसी कड़ी में आज कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई हुई।

### सागर सांसद लता को ज्ञापन सौंपा

**सागर**। लेबर बार एसोसिएशन सागर के द्वारा सागर संसदीय क्षेत्र की सांसद/प्रदेश महामंत्री डॉ. लता वानखेडे को ज्ञापन सौंप कर मांग की गई कि केंद्र सरकार के द्वारा जो नई चार श्रम संहिता लागू की गई है उसके तहत जो ट्रिब्यूनल गठित किया जाना प्रस्तावित है उसमें मुख्यालय सागर में ट्रिब्यूनल स्थापित किया जाए। जब तक ट्रिब्यूनल का गठन नहीं हो जाता तब तक न्यायालय की कार्रवाई जारी रखी जावे। ज्ञापन देने वालों में लेबर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सरवटे, सचिव पैट्रिस फुसकेले, उपाध्यक्ष विनीत ताम्रकार, राजू प्रजापति, कोषाध्यक्ष राजेंद्र पाठक, सहसचिव धीरज कुमार ताम्रकार, अरविंद सिंह राजपूत, चंदन पटेल, देवेंद्र सिंघई अधिवक्ता रोशन कुर्मी प्रदेश सहसंयोजक विधि प्रकोष्ठ इत्यादि सम्मिलित रहे।

### एनसीसी कैडेट्स ने मनाया प्रदूषण नियंत्रण दिवस

**रहली**। सांदीपनि विद्यालय रहली में संचालित एनसीसी जूनियर डिवीजन द्वारा प्रदूषण नियंत्रण दिवस मनाया गया जिसमें एनसीसी केडेट्स द्वारा कविता लेखन एवं वाचन, पोस्टर निर्माण किया गया। अतिथियों द्वारा प्रदूषण दिवस पर व्याख्यान दिया गया जिसमें बारीकी से प्रदूषण नियंत्रण को समझाया गया अंत में एनसीसी अधिकारी मुकेश पचौरी द्वारा आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य दिलीप कुमार चौबे, हिमांशु राजपूत, ज्योति राजावत, साक्षी तिवारी ने व्याख्यान दिया।



### विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य में बाइक रैली का आयोजन

**सागर**। विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष में तुमूल सोसाइटी सागर द्वारा जिला चिकित्सालय परिसर से बस स्टैंड होते हुए मेडिकल कॉलेज सागर में बाइक रैली का आयोजन करते हुए जन समुदाय को एचआईवी एड्स के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया । बाइक रैली का शुभारंभ सिविल सर्जन डॉक्टर आर.एस.जयंत सर एवं जिला हेपेटाइटिस नोडल अधिकारी डॉक्टर हेमंत कोष्टी सर द्वारा हरी झंडी दिखाकर दो पहिया वाहनों को रवाना किया, कार्यक्रम में 400 से 500 जन समुदाय को एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूक किया गया। वाहन रैली में दिशा कार्यक्रम से के के चतुर्वेदी, राजीव असाटी, टीवी हॉस्पिटल से सय्यद नूर उल हसन, तुमुल सोसाइटी सागर से हसन खान, गोविंद पटेल, आकाश प्रजापति, सौरव सेन, राजीव बाजपेई, कमलेश सेन राजेश सेन देवेंद्र कुमार रोहित सेन सुरेंद्र सेन तुमुल विहान से भूपेंद्र प्रजापति रजनी विश्वकर्मा दीपचंद अहिरवार जगदीश विश्वकर्मा अमित बोहरे, संपूर्ण सुरक्षा केंद्र से असद खान दराब खान हेमंत पटेल आदि उपस्थित रहे।

सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग सागर को नोटिस जारी करने के दिए निर्देश

# अत्याचार पीड़ितों को राहत राशि का वितरण सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ कराएं: कमिश्नर अनिल सुचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी ने अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के अत्याचार पीड़ितों को राहत राशि का वितरण सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ करने के निर्देश जनजातीय कार्य विभाग के अधिकारियों को दिए हैं। कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि अनुसूचित जाति एवं जनजातीय वर्ग के अत्याचार पीड़ितों को राहत राशि के वितरण में किसी प्रकार का गतिरोध उत्पन्न नहीं हो। अत्याचार पीड़ितों को सहजता से राहत राशि उपलब्ध हो यह सभी अधिकारी सुनिश्चित करें। कमिश्नर ने सागर जिले में अनुसूचित जाति एवं जनजातीय वर्ग के अत्याचार पीड़तिों के राहत राशि वितरण में अनियमितता पाए जाने पर सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग सागर को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। कमिश्नर ने प्रभारी उपायुक्त जनजातीय कार्य विभाग सागर संभाग को निर्देश दिए हैं कि वह जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित सभी कल्याणकारी योजनाओं की सतत समीक्षा करें तथा योजनाओं का प्रभावी और परिणाम मूलक क्रियान्वयन सुनिश्चित कराएं। कमिश्नर ने उक्त निर्देश आज अनुसूचित जाति एवं जनजातीय कार्य विभाग की संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक में दिए।

बैठक में धरती आबा और आदि कर्मयोगी योजनाओं की प्रगति की जिलेवार समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने कहा कि सागर संभाग में आदि कर्मयोगी योजना और धरती आबा योजना का प्रभावी और परिणाम मूलक क्रियान्वयन सुनिश्चित कराएं और इन दोनों योजनाओं का लाभ जनजातीय वर्ग के हितग्राहियों को दिलाना सुनिश्चित करें। बैठक में कमिश्नर ने अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के अत्याचार से पीड़ित व्यक्तियों को राहत राशि वितरण के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के 31 प्रकरणों में राहत राशि का वितरण किन कराणों से नहीं हुआ इस संबंध में वस्तुस्थिति की जानकारी से मुझे अवगत कराएं, आगामी 3 दिवसों में अत्याचार पीड़तिों को राहत राशि का वितरण कराएं अन्यथा जवाबदेह अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी।



बैठक में कमिश्नर द्वारा बस्ती विकास योजना के कार्यों की भी जिलेवार समीक्षा की गई तथा निर्देशित किया गया कि बस्ती विकास योजना के कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूर्ण किया जाए। कमिश्नर ने दमोह और पन्ना जिले में बस्ती विकास के कार्य अपूर्ण रहने पर नाराजगी व्यक्त की तथा बस्ती विकास के निर्माण कार्य समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

बैठक में कमिश्नर ने आदि सेवा केन्द्र निर्माण की जिलेवार समीक्षा की तथा सागर संभाग में आदि सेवा केन्द्रों के निर्माण में अपेक्षित प्रगति न होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। कमिश्नर ने जनजातीय कार्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि आदि सेवा केन्द्रों का निर्माण प्राथमिकता से कराएं। बैठक में कमिश्नर द्वारा सांदीपनि स्कूल भवनों के निर्माण की जिलेवार समीक्षा की गई तथा अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि सांदीपनि स्कूल भवनों का निर्माण तेजी से गुणवत्ता के साथ तेजी से पूर्ण कराएं।

बैठक में कमिश्नर ने निशुल्क साइकिल वितरण योजना की प्रगति की जिलेवार समीक्षा करते हुए कहा कि निःशुल्क साइकिल वितरण योजना के शत प्रतिशत पात्र छात्र-छात्राओं को आगामी 15 दिवसों में साईकिलों को वितरण सुनिश्चित कराएं। बैठक में कमिश्नर ने छात्र-छात्राओं को निःशुल्क गणवेश वितरण योजना की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में कमिश्नर ने उच्च शिक्षा विभाग द्वारा संचालित गांव की बेटी योजना एवं प्रतिभा किरण योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि यह योजनाएं शासन की अतिमहत्वपूर्ण योजनाएं हैं, इन दोनों योजनाओं का सागर संभाग में बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित कराएं। कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रतिभा किरण योजना और गांव की बेटी योजना का लाभ अध्ययनरत छात्राओं को मिलना चाहिए।

बैठक में कमिश्नर ने सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की विभागवार समीक्षा करते हुए कहा कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का निराकरण सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ कराएं। बैठक में कमिश्नर ने वन अधिकार पत्रों के निराकरण की प्रगति की भी समीक्षा की बैठक में जनजातीय कार्य विभाग, उच्च शिक्षा विभाग एवं शिक्षा विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## श्रीमद् भागवत कथा का भावपूर्ण समापन सुदामा चरित्र सुनकर भावुक हुए श्रद्धालु



ठपंडलपुर क्षेत्र में अवस्थी परिवार द्वारा आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का सोमवार को भव्य एवं भावपूर्ण समापन हुआ। कथा व्यास मनीष कृष्ण शास्त्री जी ने कथा के अंतिम दिन भगवान श्रीकृष्ण और उनके मित्र सुदामा की अटूट मित्रता पर आधारित सुदामा चरित्र का अत्यंत सुंदर और मर्मस्पर्शी वर्णन किया।सुदामा चरित्र के प्रसंग को सुनते हुए पंडाल में उपस्थित सभी श्रद्धालु भावुक हो गए। कथा व्यास ने बताया कि मित्रता कैसी होनी चाहिए, इसका अनुपम उदाहरण सुदामा-कृष्ण की जोड़ी है, जहाँ धन-संपत्ति से बढ़कर प्रेम और निःस्वार्थ भाव होता है। भव्य समापन में नगर के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से नगर पालिका अध्यक्ष देवराज सोनी, पार्षद एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष अमित नायक ने कथा श्रवण कर व्यास जी का आशीर्वाद लिया।

## कुर्मी समाज के खिलाफ अभद्र टिप्पणी पर भड़का आक्रोश, रहली में जोरदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रहली

रहली विकासखंड के ग्राम मढिया निवासी एक व्यक्ति द्वारा कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता को नामजद करते हुए, साथ ही कुर्मी समाज के खिलाफ अभद्र टिप्पणी और भद्दी गालियों का प्रयोग करने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर पिछले दो दिनों से जमकर वायरल हो रहा है। इस वायरल वीडियो को लेकर कुर्मी क्षत्रिय समाज में गहरा आक्रोश व्याप्त हो गया है।इस मामले को लेकर मंगलवार को आक्रोशित कुर्मी समाज के लोगों ने संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। समाज के लोगों ने रहली स्थित गांधी प्रतिमा के सामने धरना दिया और एक नुक्कड़ सभा का आयोजन किया। सभा को संबोधित करते हुए जनपद अध्यक्ष सुरेश कपस्या, जिला पंचायत सदस्य संतोष पटैल, पूर्व सरपंच गोविंद कुर्मी, और सरपंच राम मनोहर पटैल ने इस घटना की कड़ी निंदा की और प्रशासन से तत्काल एक्शन लेने की मांग की। नुक्कड़ सभा के उपरांत, कुर्मी समाज के एक प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम कुलदीप पराशर को ज्ञापन सौंपा। इसके अलावा, एसडीओपी और थाना प्रभारी को भी ज्ञापन देकर आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की गई।कुर्मी समाज के द्वारा ज्ञापन में आरोपी व्यक्ति के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत मामला दर्ज करने की मांग की गई है, ताकि इस तरह की सामाजिक विद्वेष फैलाने वाली घटनाओं पर रोक लगाई जा सके। समाज ने प्रशासन को 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया है। चेतावनी दी गई है कि यदि इस अवधि में उनकी मांगे पूरी नहीं होती हैं, तो समाज द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा।

## सांदीपनि विद्यालय रहली में अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव का आयोजन

**रहली**। सांदीपनि विद्यालय रहली में 'गीता जयंती' के अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का आयोजन बड़ी भव्यता एवं गरिमापूर्ण तरीके से किया गया ।कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष एसडीएम कुलदीप पाराशर, मुख्य अतिथि राजेंद्र जारोलिया, विशिष्ट अतिथि भरत सिंह सेमरा, महाविद्यालय रहली प्राचार्य प्रवीण श्रीवास्तव,सहायक संचालक लोक शिक्षण रहली स्वाति दुबे, कन्या उमावि प्राचार्य विजय कुमार पचौरी, सांदीपनि विद्यालय रहली प्राचार्य दिलीप कुमार चौबे, बीआरसी रहली आर डी अहिरवार, गायत्री शक्ति पीठ रहली से शशि हज़ारी, अरुण पटेल, विश्व गीता प्रतिष्ठानम से पी एन मिश्रा, प्रजापति ब्रह्मकुमारी संस्थान रहली से बी के पूर्णिमा, बी के शिवानी, बी के रुपाली,और भगवती मानव कल्याण संगठन से सुनील पटेल, राजेश सेन, अनिल साहू, गौरव सोनी ने मां सरस्वती, एवं श्रीमद्भागवत गीता का पूजन व दीप प्रज्वलन कर किया। सांदीपनि विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। शंख नाद व स्वस्ति वाचन औकार शास्त्री व अजय जारोलिया द्वारा किया गया। सांदीपनि विद्यालय के छात्र अनंत दुबे व उदित पुराणी द्वारा गीत गायन अनुगायन प्रस्तुत किया गया। प्राइमरी विंग के छात्र प्रशांत नामदेव ने स्वागत गीत एवं सरस्वती शिशु मंदिर की छात्रा सलोनी पाण्डेय ने गीता पाठ प्रस्तुत किया। जन सामान्य द्वारा युगावतार भगवान श्रीकृष्ण के मानव कल्याण के संदेश को आत्मसात किए जाने के उद्देश्य से श्रीमद्भगवद्गीता के 15वें अध्याय का सामूहिक पाठ किया गया। जिसमें सांदीपनि विद्यालय रहली, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रहली तथा सरस्वती शिशु मंदिर रहली के विद्यार्थियों व शिक्षकों ने सहभागिता की। मंच संचालन आचार्य ओमकार चौबे एवं गोविंद सिंह ठाकुर एवं आभार प्रदर्शन प्राचार्य दिलीप कुमार चौबे ने किया। उपस्थित अतिथियों में वरिष्ठ अधिवक्ता राजेंद्र जारोलिया,भरत सिंह सेमरा,पी एन मिश्रा, अनुविभागीय अधिकारी कुलदीप पाराशर,शशि हजारी, बी के पूर्णिमा दीदी, सुनील पटेल ने गीता के महत्व पर प्रकाश डाला। प्राथमिक विंग प्रभारी नीरज नेमा एवं शिक्षिका शालिनी दुबे के मार्गदर्शन में बच्चों द्वारा राधा कृष्ण की भव्य झांकी एवं कृष्ण लीला नृत्य का प्रदर्शन हुआ। शिक्षक शैलेन्द्र जैन, कमलेश चौबे, संतोष जैन, प्रवीण सिंघई, शिव शंकर रैकवार, दीपक राजपूत, प्रकाश शर्मा ने कार्यक्रम के भव्य आयोजन हेतु अपना विशेष सहयोग प्रदान किया।

## सब प्यार का बाप होता है पिता : अभिषेक भार्गव

**रहली**। क्राइस्ट कॉन्वेंट स्कूल पटना बुजुर्ग का वार्षिक उत्सव कार्यक्रम रविवार को धूमधाम से संपन्न हुआ। इस अवसर पर बच्चों ने पिता के जीवन में महत्व को दर्शाने वाली मार्मिक थीम ₹सहारा₹ पर नाट्य मंचन प्रस्तुत किया, जिसे देखकर उपस्थित सभी अभिभावक और दर्शक भावुक हो उठे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा नेता अभिषेक भार्गव तथा विशिष्ट अतिथि बिशप मार्क अथिकलम और सुपीरियर सिस्टर मरीना रहीं। बच्चों ने सहारा थीम पर आधारित प्रस्तुति के माध्यम से जीवन में पिता की अतुलनीय भूमिका को खूबसूरती से उजागर किया। नाट्य मंचन के अलावा, बच्चों ने मनमोहक नृत्य और संगीत की भी प्रस्तुति दी, जिसने सभी का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि अभिषेक भार्गव ने सभी बच्चों के प्रदर्शन की सराहना की और उन्हें बधाई दी। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि, ₹हमारे जीवन में पिता का योगदान अतुलनीय रहता है। यदि हम अपने पिता द्वारा बताए गए रास्ते पर चलें तो हम कभी असफल नहीं हो सकते। यह जो बाप का प्यार होता है, न वह सब प्यार का बाप होता है। उन्होंने बच्चों को अपने पिता के मूल्यों का अनुसरण करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में, प्राचार्या सिस्टर जॉन्सी ने सभी अतिथियों, अभिभावकों और स्टाफ का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आप सभी के सहयोग के बिना इतना बड़ा कार्यक्रम कर पाना संभव नहीं है। इस अवसर पर तहसीलदार राजेश पांडे, बीआरसी रहली आर. डी. अहिरवार, थाना प्रभारी सुनील शर्मा, मैनेजर सिस्टर सुधा, शिक्षक कृपाशंकर दुबे सहित अभिभावकगण, स्कूलस्टाफ मौजूद रहा।

अपराधों को रोकने आईजी को दिया ज्ञापन, शहर में बढ़ रहे अपराधों पर जताई चिंता

# बेलगाम कानून व्यवस्था के विरोध में कांग्रेसियों ने किया विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेश जाटव के नेतृत्व में कांग्रेस जनों ने जुआ, सट्टा, अवैध शराब एवं बिगड़ती कानून व्यवस्था के विरोध में आईजी कार्यालय पहुंचकर विरोध प्रदर्शन कर पुलिस महानिरीक्षक को ज्ञापन सौंप कर शहर में लोगों का कानून पर से उठ रहे विश्वास को वापस दिलाने ज्ञापन सौंपा। आईजी को दिए ज्ञापन में जिला शहर कांग्रेस के अध्यक्ष महेश जाटव ने कहा कि वह जिले की सीमाओं के अंतर्गत थाना प्रभारी के कार्यों की समीक्षा करें। जनता का पुलिस पर से विश्वास उठ रहा है। महेश जाटव ने कहा कि जहां हत्याओं का ग्राफ बढ़ रहा है। वही लूट चोरी की घटनाएं एवं महिलाओं के उत्पीड़न के मामले भी बढ़ते जा रहे हैं। शहर में स्पा सेंटरों की चर्चाओं से पुलिस की छवि धूमल हो रही है। पुलिस थानों के अंतर्गत जुआ सट्टा एवं अवैध



शराब का विक्रय जोरों पर है। अनुसूचित जाति जनजाति के लोगों पर प्रताड़ना के मामले बढ़ रहे हैं । साथ ही नशीले पदार्थों की बिक्री में युद्ध स्तर पर बढ़ोतरी हो रही है। पुलिस जनता के नियंत्रण से बाहर है । इसलिए वह खुद मैदान में उतरकर अपने क्षेत्राधिकार थाना की अवैध गतिविधियों की जानकारी संग्रह कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करें। पुलिस महानिरीक्षक हिमानी खन्ना ने ज्ञापन पर उपयुक्त कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर पूर्व विधायक सुनील जैन, मुकुल पुरोहित, सुरेंद्र सुहाने, मुन्ना चौबे, जगदीश यादव, अंकलेश्वर दुबे, चक्रेश सिंघई, नेता प्रतिपक्ष बाबू (बब्बू) यादव, रामकुमार पचौरी, प्रदीप गुप्ता, प्रमिला राजपूत, एडवोकेट रजनी ठाकुर, सुरेंद्र चौबे, संदीप सबलोक, सिंटू कटारे, समीर खान, सागर साहू, पार्षद शिव शंकर गुड्डू यादव, चेतन कृष्ण पांडे, रोशनी वसीम खान, नीलोफर चमन अंसारी, रिचा सिंह, ताहिर खान, रमाकांत यादव, पंकज सिंघई, कमलेश तिवारी, विजय साहू, राहुल चौबे,चक्रेश रोहित, शैलेंद्र तोमर, प्रशांत समैया, अवधेश तोमर, राजेश उपाध्याय, प्रशांत समैया, लक्ष्मी नारायण सोनकिया ,हेमराज रजक ,वीरेंद्र राजे , निलेश अहिरवार ,दीनदयाल तिवारी, आनंद हैला ,देशराज यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन्म आईजी कार्यालय पर हुए विरुद्ध प्रदर्शन में ज्ञापन देने के समय मौजूद थे।



## विश्वविद्यालयः फार्मास्युटिकल साइंस विभाग के छात्र को बेस्ट ऑरल प्रेजेंटेशन से नवाज़ा गया

**सागर**। डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के फार्मास्युटिकल साइंस विभाग के अनुसंधान छात्र श्यामजी तंतुवाय को 'बेस्ट ऑरल प्रेजेंटेशन' का सम्मान प्राप्त हुआ है । उन्होंने 29 नवम्बर 2025 को ज्ञानवीर विश्वविद्यालय, सागर में आयोजित 'नेशनल सिम्पोसीयम ऑन 'बायोमेडिकल एनालिसिस और क्लिनिकल पोटेंशियल में क्वांटम डॉट्सः प्रॉमिस और चैलेंजेस' में 'कुकुमिस कैलोसस से कुकुर्बिटासिन का अलगाव और उनकी इन-सिलिको एंटीकैंसर गतिविधि' विषय पर पोस्टर प्रेजेंटेशन दिया । इस प्रेजेंटेशन के दौरान उन्होंने दूसरा स्थान प्राप्त किया। वे जबलपुर, मध्य प्रदेश के निवासी हैं और फार्माकोग्नॉसी में प्रो. सुशील कुमार काशव के मार्गदर्शन में अनुसंधान कर रहे हैं। अपनी इस महत्वपूर्ण उपलब्धि को उन्होंने कुलपति प्रो. यशवंत सिंह ठाकुर, विभागाध्यक्ष प्रो. उमेश कुमार पाटिल, अपने मार्गदर्शक प्रो. सुशील कुमार काशव और अपने माता-पिता को समर्पित किया है।



## गढ़ाकोटा महाविद्यालय में गीता जयंती एवं विश्व एड्स दिवस का हुआ आयोजन

**गढ़ाकोटा**। सागर जिले के गढ़ाकोटा में संस्कृति संचालनालय भोपाल उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गीता जयंती के अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का आयोजन किया गया और विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता अभियान भी चलाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. घनश्याम भारती ने की। संचालन सुश्री आकृति खरे और आभार सुश्री सुमन कुमारी ने माना। प्राचार्य डॉ.भारती ने श्रीमद्भागवत गीता के महत्व को बताते हुए कहा कि गीता जीवन के हर क्षेत्र में उत्कृष्ट मानव बनने की प्रेरणा देती है, और युवाओं को कर्त्तव्य, धैर्य और सफलता का मार्ग दिखाती है। साथ ही विश्व एड्स दिवस पर उद्बोधन देते हुए उन्होंने कहा कि एचआईवी एड्स कोई अभिशाप नहीं,बल्कि इसे जागरूकता, सावधानी और सही उपचार से पूरी तरह नियंत्रित किया जा सकता है। कार्यक्रम प्रभारी सुश्री आकृति खरे ने श्रीमद्भागवत गीता के महत्व पर विस्तृत रूप से चर्चा की और विद्यार्थियों से गीता के स्वाध्याय करने का आग्रह किया। श्रीमद्भागवत गीता के 15वें अध्याय (पुरुषोत्तम योग) का सार व महत्व सुश्री रजनी चौदहा द्वारा सरल भाषा में समझाया गया । इसके बाद समस्त शिक्षकों और विद्यार्थियों द्वारा गीता के 15वें अध्याय का सामूहिक सस्वर वाचन किया गया। कार्यक्रम में रश्मि कुर्मी, पुष्पेंद्र वर्मन, डॉ.कृष्णा बागड़े, डॉ.मेघा सिंह, सुश्री ममता अहिरवार, रचना जैन, आस्था दुबे, सुप्रिया जैन, सुश्री सुरभि सोनी, राजा होलकर, महेंद्र कोरी के साथ बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



## आटो स्टैडों के अतिक्रमण हटाने यूनियन ने निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपा

**सागर**। कटरा बाजार के आटो स्टैंडों पर रेहड़ी वाले दुकानदारों द्वारा अवैध रूप से अतिक्रमण कर यातायात अवरुद्ध होने से नाराज आटो रिक्सा चालकों ने यूनियन अध्यक्ष पप्पु तिवारी के नेतृत्व में निगम आयुक्त राजकुमार खत्री को ज्ञापन सौंपकर अतिक्रमण हटानें की मांग की। जिस पर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने त्वरित कार्यवाही का आश्वासन देते हुए अतिक्रमण प्रभारी को अतिक्रमण हटानें के निर्देश दिये । आटो रिक्सा यूनियन अध्यक्ष पप्पु तिवारी ने बताया कि कटरा मस्जिद क्षेत्र के चार व्यस्ततम मार्गो पर बनें निगम द्वारा निर्धारित आटो स्टेंडो पर कुछ लोगो द्वारा अनाधिकृत रूप से अस्थाई दुकाने लगा ली है जिस कारण आटो रिक्शा् को आटों स्टैंड़ की जगह सड़को पर आटो रिक्सा खड़े करना पड़ते है, जिससे आवागमन प्रभावित होने से दिन भर जाम की स्थति बनी रहती है। इस संदर्भ में नगर निगम को पूर्व मे दिये आवेदनो पर कार्यवाही ना होनें से कटरा बाजार के चारों मार्ग अवरुद्ध बनें रहते है। ज्ञापन सौंपने वालों में युनियन के पप्पु तिवारी, सुंदर यादव, गुड्डु रैकवार सहित बड़ी संख्या मे आटो रिक्सा यूनियन पदाधिकारी मौजूद थे ।

जन्मदिन उत्सव
महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशितकिया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### दुष्कर्मी को धर दबोचा

**ललितपुर।** पुलिस ने मु.अ.सं.1377 धारा 64(1), 352, 308(5), 351(3) के तहत दर्ज एफआईआर में वांछित थाना बार के ग्राम बछराउली निवासी दीपेश उर्फ लकी परिहार पुत्र अवधेश को हिरासत में लिया है। दुष्कर्मी को पकडऩे वाली पुलिस टीम में निरीक्षक अरविन्द कुमार, कां.दीपेन्द्र कुमार शामिल रहे।

### दो शातिर बदमाशों को पूराकलां पुलिस ने दबोचा

**ललितपुर।** पूराकलां थानान्तर्गत ग्राम भैसनवारा कलां निवासी अनिल पुत्र प्रकाश यादव व ग्राम उगरपुर निवासी सोनू पुत्र सियाराम राजपूत को धर दबोचा है। दोनों बदमाशों का नाम पुलिस को मु.अ.सं. 217/2025 धारा 331(4), 305 बीएनएस की जांच के दौरान प्रकाश में आये थे। बदमाशों के पास से पुलिस ने हाफ पेटी 01, तोडिय़ा 01 जोड़ी व बिछिया 04 समस्त माल सफेद धातु बरामद किया है। शातिर बदमाशों को पकडऩे वाली पुलिस टीम में उ.नि.सत्यप्रकाश, हे.का. अमित निरंजन व का.भगवान सिंह शामिल रहे।

### बाइक की टक्कर लगने से हुई थी मौत, रिपोर्ट दर्ज

**ललितपुर।** सौजना थानान्तर्गत ग्राम मैनवार में रहने वाली वन्दना यादव पत्नी गुलाब ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 23 नवम्बर को 4.30 बजे उसका पति गुलाब यादव अपने खेत से फसल में पानी लगाकर घर वापस आ रहे थे। तभी रिश्तेदार मड़ावरा के ग्राम सीरोंन निवासी लखन पुत्र धर्मू यादव के साथ बाइक पर पीछे बैठा था। घर केपास पहुंचते ही सामने से आ रहे पथराई गांव के धनीराम पुत्र फिन्ना अहिरवार ने लापरवाही व तेजी से गाड़ी चलाते हुये पति की मोटर साइकिल संख्या यू.पी. 94 वी 0520 में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसके पति को गंभीर चोटें आ गयीं और रिश्तेदार लखन भी घायल हो गया। घायल अवस्था में दोनों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र महरौनी में भर्ती कराया गया, जहां हालत नाजुक होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। जहां पहुंचने से पहले ही उसके पति की मृत्यु हो गयी। वहीं रिश्तेदार लखन यादव का उपचार झांसी अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### सामूहिक विवाह में दंपती से मारपीट

**ललितपुर।** बानपुर थाने के ग्राम मौगान निवासी सौरभ कुमार पुत्र स्व.कमल प्रसाद ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि 29 नवम्बर की रात करीब 10.30 बजे ललितपुर स्थित इलाइट चौराहा स्थित अमर पैलेस में सामूहिक विवाह में शामिल होने आया हुआ था, तभी उसकी पत्नी मनीष व एक पांच माह की पुत्री के साथ आयी। जब वह विवाह स्थल से आ रहा था, तभी अरून, गोलू पुत्रगण मुकेश, अनुराग व मनीष जाखलौन, मौगान निवासी राहुल ने उसे व उसकी पत्नी का रास्ता रोक लिया और बाहर जाने से रोका। जब उक्त लोगों का उन्होंने विरोध किया तो उक्त लोगों ने गालियां दीं और मारपीट करते हुये पत्नी से अभद्रता की। आरोप है कि उक्त लोगों ने उसके सिर पर किसी वस्तु से प्रहार किया, जिससे उसके हाथ व सिर में चोटें आयीं। यह भी आरोप है कि उक्त लोगों ने उसे जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है।

### एक ने की शिकायत तो दबंग ने दूसरे भाई को पीटा

**ललितपुर।** कोतवाली तालबेहट क्षेत्रांतर्गत ग्राम मुकटौरा में रहने वाले अजय पुत्र राजेन्द्र कौशिक ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 28 नवम्बर को शाम करीब साढ़े पांच बजे वह अपने घर जा रहा था। तभी रास्ते में गांव के प्रीतम यादव पुत्र श्रीराम के घर तक पहुंचा ही था, तभी चाली यादव पुत्र पहलवान सिंह अपने आधा दर्जन से अधिक साथियों के साथ गालियां देते हुये बोला कि उसके भाई अमित ने उसकी शिकायत की है, जिससे वह उसे नहीं छोड़ेगा। विरोध करने पर चाली यादव ने अपने साथियों के साथ एकराय होकर उसके साथ मारपीट कर दी। शोरगुल सुनकर प्रीतम यादव ने आकर उसे बचाया। आरोप है कि उक्त लोगों ने उसे जान से मारने की धमकी दी।

### विश्वगीता प्रतिष्ठानम उज्जयिनी के तत्वावधान में श्रीजगदीश मंदिर में गीता जयंती का आयोजन किया गया

# धैर्य व धर्म को जानने का माध्यम है गीता, आत्मकल्याण का मार्ग प्रशस्त करती: द्विवेदी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

विश्वगीता प्रतिष्ठानम उज्जयिनी के तत्वावधान में श्रीजगदीश मंदिर प्रांगण में गीता जयंती का आयोजन किया गया। दीप प्रज्वलन के बाद कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ, जिसमें गीता महात्म्य पर विशेष व्याख्यान मानस मर्मज्ञ पं.बाबूलाल द्विवेदी ने दिया। उन्होंने कहा कि गीता धैर्य और धर्म दोनों को सिखाती है और आत्मकल्याण का मार्ग प्रशस्त करती है। जनमानस को इसका प्रतिदिन स्वाध्याय करना चाहिए, जिससे भारतीय संस्कारों का घरों और समाज में सकारात्मक प्रभाव पड़े। कार्यक्रम में पं.महेश मिश्रा, भगवत नारायण बाजपेयी, रमेश पाठक, जगदीश मंदिर ने अपने विचार प्रस्तुत किए। इस दौरान रामेश्वर प्रसाद चतुर्वेदी, हरीराम राजपूत, किशन लाल, प्रताप नारायण, कैलाश शर्मा, आत्माराम शर्मा ने गीत गाये। कार्यक्रम में कुंदनलाल सेन, कैलाश नारायण, राजकुमारी सोनी, अशोक मिश्रा, फूलबाई, रामविलास तिवारी, नारायण साहू, शिवानी राजवती, गोविंद सिंह तोमर, लखनलाल तिवारी, विद्याशंकर मिश्र, राधा, क्रांति, कमला आदि उपस्थित रहे। अंत में जिला संयोजक नीरज द्विवेदी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

# भेदभाव कम करना और पीड़ितों को समाज में सम्मान दिलाना है: अहमद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

विश्व एड्स दिवस के अवसर पर राजकीय इंटर कालेज ललितपुर की अध्यापिका प्रियंका शिवहरे ने जागरुकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ इम्तियाज अहमद ने बताया कि हर साल की तरह इस वर्ष भी 1 दिसंबर को विश्व एड्स दिवस मनाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूकता बढ़ाना, भेदभाव कम करना और पीड़ितों को समाज में सम्मान दिलाना है। नोडल अधिकारी डॉ राम नरेश सोनी ने बताया कि सभी लोगों को एचआईवी जांच, उपचार और सलाह तक सरल, सुलभ और बिना भेदभाव के पहुंच मिले। एड्स के मरीजों के लिए सम्मानपूर्ण समाज की आवश्यकता है। एड्स महामारी की रुकावटों का मिलकर सामना करना, सामुदायिक भागीदारी और सहयोग आवश्यक है। 2030 तक एड्स को सार्वजनिक स्वास्थ्य खतरे के रूप में समाप्त करने का लक्ष्य है।

**एड्स के खिलाफ लड़ाई में जागरूकता और सामाजिक सहयोग जरूरी**

पब्लिक हेल्थ स्पेशलिस्ट डॉ सौरभ सक्सेना ने बताया कि इस साल 2025 का थीम है — रुकावटों पर काबू पाना, एड्स के जवाब में बदलाव लाना। यह थीम वर्तमान समय की सबसे बड़ी चुनौतियों पर केंद्रित है—जैसे कि समाज में भेदभाव तथा जानकारी का अभाव। इस थीम के जरिये संदेश दिया गया है कि एड्स के खिलाफ लड़ाई केवल बीमारी के इलाज तक सीमित नहीं है, बल्कि जरूरी है जागरूकता और सामाजिक सहयोग। सभी को एड्स रोकथाम, उचित उपचार और जागरूकता के प्रसार के लिए एकजुट होने की आवश्यकता है। आईये, इस वर्ष के थीम को अपनाते हुए एड्स के खिलाफ लड़ाई में अपनी जिम्मेदारी निभाएँ और भेदभाव-मुक्त, स्वस्थ समाज की स्थापना



करें। ह्लभेदभाव नहीं करें, सहारा बनें — एड्स को हराएं। रैली के दौरान राजकीय इंटर कालेज के प्रधानाचार्य सुरेन्द्र कुमार, एवं अन्य स्टाफ, सोसाइटी फॉर प्रगति भारत एनजीओ से कार्यक्रम प्रबन्धक हरेन्द्र रिधारिया,एकाउन्टेन्ट विजय बहादुर सिंह पाल,काउन्सलर जशोदा देवी,आउटटीचरवर्कर राजुकंवर, अनिरुद्ध सिंह, गोविन्द कुशवाहा, गंगोत्री, पियर एजुकेटर अनिल, कीर्ति राजकुमारी रामेश्वरी, सीएससी ललितपुर सतीश सोनी तथा जिला क्षयरोग नियंत्रण केन्द्र एवं सीएमओ कार्यालय का स्टाफ आदि उपस्थित रहे।

### जिला पंचायत सदस्य ने दिया पत्र

# कई गांव में नहीं पहुंच पा रहा है टेल तक पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

रवि की फसल बुवाई का काम इन दिनों पूरे चरम पर है। सिंचाई के लिए पानी की उपलब्धता कराये जाने की मांग को लेकर लगातार किसानों द्वारा आवाज उठायी जा रही है। इस सम्बन्ध में पूराकलां क्षेत्र से जिला पंचायत सदस्य कृष्णा मानसिंह ने एक पत्र जिलाधिकारी को भेजा है। उन्होंने किसानों को सिंचाई के लिए एलआरसी नहर का पानी हाई-वे पार कराने एवं नियमित रूप से फुल वोल्टेज में विद्युत आपूर्ति कराये जाने की मांग उठायी है।

**आधा दर्जन गांव के खेतों तक नहीं पहुंच पा रहा पानी**

ज्ञापन में बताया कि विकास खण्ड तालबेहट के ग्राम तिंदरा, वनगुवांखुर्द, कड़ेसरा बांसी, कड़ेसराखुर्द, राधापुर, करेंगा, सुनौरी, बुदावनी, चन्द्रापुर, खाँदी आदि के किसानों को एल.आर.सी. नहर का सिंचाई हेतु पानी 15 दिन गुजरने के बाद ककडारी के पास हाईवपार नहीं हुआ है जिससे क्षेत्र के किसानों की फसल सूख रही है। जबकि 21 दिन के अन्दर समस्त किसानों को पानी आपूर्ति कराया जाना रोस्टर में है। साथ ही विद्युत विभाग उपखण्ड 66 केवीए तालबेहट 33 केवीए पूराकलां द्वारा नियमित रूप से फुल बोल्टेज में विद्युत आपूर्ति नहीं की जा रही है। जबकि क्षेत्र के किसानों द्वारा अस्थाई नलकूप संयोजन लिए जा रहे है। किसानों को पर्याप्त विद्युत न मिलने से किसानों की फसल सूख रही है। एक ओर जहां बरसात की फसल किसानों की पैदा नहीं हुई है वही दूसरी ओर नहरों से सिंचाई व विद्युत आपूर्ति के आभाव में रवि की शुरूवाती फसल में गुरवाना नहीं लग पा रहा है। जिससे फसल नष्ट होने की कगार पर है। उन्होंने जिला प्रशासन से किसान हित में अविलम्ब एल.आर.सी. नहर का पानी हाईवे पार कराते हुए तालबेहट क्षेत्र में विद्युत की पर्याप्त आपूर्ति कराने की मांग उठायी है।

### पुनरीक्षण अभियान, घर-घर पहुंचे अफसर

# मतदाताओं से किया संवाद एसआईआर का महत्व बताया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के निर्देशन में जनपद में निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान ने सोमवार दोपहर 2 बजे तक 70.52 प्रतिशत प्रगति हासिल कर ली है , अभियान को और गति देने के लिए सोमवार को जिले के आला अधिकारियों ने घर-घर जाकर मतदाताओं को एसआईआर फार्म भरकर बीएलओ के पास जमा कराने के लिए जागरुक किया। इस दौरान अपर जिलाधिकारी वि/रा अंकुर श्रीवास्तव व अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे राजेश कुमार श्रीवास्तव ने शहर के कई बूथों पर जाकरण बीएलओ के कार्यों की समीक्षा की और गली-गली भ्रमण कर मतदाताओं से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने पीए सिस्टम के माध्यम से मतदाताओं से संवाद किया, फार्म भरकर जमा करने की अपील की ओर फार्म भरने में आ रही कठिनाईयों का समाधान कराते हुए कुछ फार्म मौके पर भी भरवाए। उन्होंने घर-घर दस्तक देकर मतदाताओं से बात की, माता, बहने व बुजुर्गों को एसआईआर का महत्व समझाया और अपील की कि वे अपने साथ-साथ आस पड़ोस के मतदाताओं को भी जागरुक करें।

**पोलिंग बूथों पर एसआईआर कार्य की समीक्षा की**

अधिकारियों ने पोलिंग बूथों पर एसआईआर कार्य की समीक्षा करते हुए बीएलओ को निर्देश दिये कि मृत, शिफ्टिड व डुप्लीकेट मतदाताओं का चिन्हांकन कर उन्हें अलग कर लें, इससे आपका काम आसान हो जाएगा और प्रत्येक फार्म पर कारण लिखते हुए हस्ताक्षर कर जमा करवा दें और तहसील स्तर से उसका अपडेट भी लेते रहें। इसके साथ ही उन्होंने कम प्रगति वाले बूथों पर कार्मिकों की संख्या बढ़ाते हुए घर-घर जाकर फार्म भरवाने हेतु अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देशित किया। चौकाबाग स्थित बिस्टोरिया अकेडमी में बीएलओ के द्वारा बताया गया कि बूथ सं-413 पर 625 और बूथ सं-412 पर 575 फार्म वितरित किये गए हैं, जिनमें से कुछ फार्म अभी आने बाकी है। एम्ब्रोसिया कॉलोनी व आसपास के क्षेत्र की प्रगति 28 प्रतिशत रही, जिसका कारण डुप्लीकेशी बताया गया, मौके पर कॉलोनी के प्रत्येक घर पर दस्तक देकर अधिकारियों ने मतदाताओं से फीडबैक लिया और आज ही फार्म भरकर जमा करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने समाज के प्रबुद्धजनों से भी आह्वान किया कि वे अपने स्तर से भी मतदाताओं को जागरुक करें।

**1000 में से 466 फार्म जमा**

उप्रा विद्यालय चण्डीमाता मंदिर में 1000 में से 466 फार्म जमा बताए गए, नेशनल कॉन्वेंट स्कूल में बूथ सं0-464 पर 1134 में से 960 फार्म भराये गए हैं, वहीं लिटिल फ्लॉवर स्कूल में 27 प्रतिशत प्रगति बतायी गई, जो सबसे कम है, इस पर अधिकारियों ने बीएलओ से कारण पूछते हुए अतिरिक्त कार्मिकों को तैनात किया और 3 दिवस में प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिये। नई बस्ती क्षेत्र में भ्रमण करते हुए कुछ मतदाताओं ने फार्म भरने में आ रही समस्याओं से अवगत कराया तो मौके पर ही उनका फार्म भरवाया गया, साथ ही मॉ शारदा इण्टर कॉलेज में निरीक्षण के दौरान बताया गया कि बूथ सं0-461 पर 1164 में से 520 फार्म जमा हैं और बूथ सं0-460 पर 1292 में से 700 फार्म जमा बताएं गए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी भूपेन्द्र सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका दिनेश कुमार विश्वकर्मा, जिला पूर्ति अधिकारी उमेश चन्द्र मिश्र, कर निरीक्षक राजेन्द्र प्रसाद आदि उपस्थित रहे।

### उन्नत भारत अभियान नेमवि में एसआईआर जागरूकता कार्यशाला आयोजित

# चुनावी पारदर्शिता के लिए एसआईआर आवश्यक : प्राचार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

नेहरू महाविद्यालय में उन्नत भारत अभियान के तहत एसआईआर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में नेमवि प्राचार्य प्रो.ओमप्रकाश शास्त्री ने कहा कि जो विद्यार्थी मतदाता है एवं अपने परिवार एवं आस पड़ोस के मतदाताओं को एसआईआर फॉर्म भरने के लिए प्रेरित करें। जिन मतदाताओं ने अभी तक एसआईआर फॉर्म नहीं भरा है, वह अपने-अपने बूथ के बीएलओ से मिलकर एसआईआर फॉर्म को तत्काल भर दें ताकि मतदाता सूची से वंचित न रह पाए। कोई भी मतदाता जानकारी के अभाव में या लापरवाही के कारण एसआईआर फॉर्म भरने से वंचित न रह पाए। उन्नत भारत अभियान के कोऑर्डिनेटर एवं कार्यक्रम संयोजक डा.संजीव कुमार शर्मा ने कहा कि विद्यार्थी घर-घर जाकर आम जनमानस को को फॉर्म भरने के लिए जागरूक करें। मतदाताओं को सही तरीके से फॉर्म भरने के लिए मदद करे। उन्होंने कहा कि एसआईआर से मतदाता सूचियां में पारदर्शिता एवं सटीकता आएगी। जिससे चुनाव में होने वाली धांधली को रोका जा सकेगा और सही मतदाता का मतदाता सूची में समावेश सुनिश्चित होगा।



**एसआईआर फार्म भरवाने में विद्यार्थी भागीदारी करें**

*राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डा.सुधाकर उपाध्याय ने कहा कि एसआईआर फार्म भरवाने में विद्यार्थी उत्साह पूर्वक अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें, जिससे कि लोकतंत्र को मजबूत किया जा सके। भारत अपने लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करने एवं निरंतर मूल्यों को विकसित करने में प्रयासरत रहा है। इस दौरान हिमांशु पटेरिया, सुहानी पटेल, आदया सोनी, शिवी मिश्रा, नैंसी विश्वकर्मा, मुस्कान, नैंसी, मोनिका, सोमिल, दिव्यांशी, काजल साहू, बेबी, उमा, सविता, सपना, बबली, प्रिंस, करिश्मा, निकिता, रूबी अहिरवार, काजल कुशवाहा, सजना कुशवाहा, दीपिका, कल्पना, मानसी पटेल, रामकुमार, रोशनी, दर्शिका साहू व आदित्य सोनी, मनीष बुनकर, धर्मेंद्र, सूर्यांश राजा, दिनेश, हरपाल, शिवम साहू, दीपक सिंह, राजेश कुशवाहा, रजनीश, साक्षी, निलेश कुमार, प्रिंस कुमार, अमानत, पवन, नैंसी व्यास, राजेश कुमार, पवन कुशवाहा सोनू आदि महाविद्यालय के सैकड़ो छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। संचालन डा.संजीव कुमार शर्मा ने व आभार डा.सुधाकर उपाध्याय ने व्यक्त किया।*

## आजाद परिंदा खंडोबरा ने कबड्डी टूर्नामेंट जीता

**महरौनी।** खिरिया सरकार कबड्डी क्लब के तत्वाधान में ग्राम खिरिया लटकंजू में भव्य कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया,जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दीपक तिवारी मंडल अध्यक्ष भारतीय जनता युवा मोर्चा महरौनी, राकेश त्रिपाठी सेवानिवृत लेखपाल,हरदेव सिंह बुंदेला सेवानिवृत सूबेदार मेजर,अर्जुन कुशवाहा दरोंना द्वारा सयुक्त रूप से फीताकाटकर शुभारंभ किया गया। कबड्डी टूर्नामेंट में क्षेत्रीय टीम जिसमें खिरिया सरकार खिरिया लटकंजू,बालाजी सरकार खिरिया लटकंजू,मिदरवाहा,आजाद परिंदा ललितपुर, खडोबरा,पाली, देवमाता जैसी दिग्गज टीमों ने प्रतिभाग कर खिलाडिय़ों ने अपने अपने कौशल दिखाए। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष दीपक तिवारी ने कहां कि जिस ओर जवानी चलती है उस ओर जमाना चलता है,व्यक्ति का खेल मानसिक एवं शारीरिक विकास होता है,राकेश त्रिपाठी सेवानिवृत लेखपाल ने बताया कि प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में खेल का महत्व है जिससे व्यक्ति अपने सम्पूर्ण शरीर का विकास करता है। हरदेव सिंह बुंदेला सेवानिवृत सूबेदार मेजर ने बताया कि खेल से ही व्यक्ति के अंदर नवीन ऊर्जा का संचार होता है। कार्यक्रम के समापनकर्ता राजीव निरंजन प्रधान प्रतिनिधि ने कहां



कि समय समय पर इस आयोजनों से बच्चों में जागृति उत्पन्न होती है। अंत में विजई टीमों को मुख्य अतिथियों द्वारा धनराशि एवं शील्ड मेडल देकर पुरस्कृत किया गया। इस टूर्नामेंट को सफल बनाने में आयोजन समिति,अनिल कुशवाहा,शिवम मुंडेले,अर्जुन बाबा ने टूर्नामेंट को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। निर्णायक सलमान रजा ने मैच को कुशलतापूर्वक सही निर्णय देकर टूनामेंट में अहम योगदान दिया। कार्यक्रम का सफल संचालन सनत पुरोहित ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त ग्रामवासियों का विशेष सहयोग रहा। अनिल कुशवाहा, अर्जुन बाबा, शिवम मुंडेले ने आभार जताया।

## अखंड ब्राह्मण महासभा ने आईएएस संतोष वर्मा के विरुद्ध सौंपा ज्ञापन

**ललितपुर।** अखंड ब्राह्मण महासभा की जनपद ललितपुर इकाई ने जिला कार्यालय पहुंचकर एक कड़ा विरोध दर्ज कराया है। महासभा के पदाधिकारियों ने कअर संतोष वर्मा के ख़िलाफ़ पुलिस अधीक्षक महोदय ललितपुर को एक ज्ञापन सौंपा है, जिसमें उनके अमर्यादित और निंदनीय बयान₹ के लिए तत्काल ऋकफ दर्ज करने, बर्खास्त करने और जेल भेजने की मांग की गई है 'ज्ञापन में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि आईएएस संतोष वर्मा द्वारा दिया गया बयान ब्राह्मण समाज की बेटियों के सम्मान को ठेस पहुँचाने वाला₹ है। महासभा का कहना है कि ऐसे अमर्यादित बयान को किसी भी सभ्य समाज में स्वीकार नहीं किया जा सकता। यह केवल एक व्यक्ति का बयान नहीं, बल्कि हमारे गौरवशाली इतिहास और सामाजिक अस्मिता पर किया गया सीधा आघात है,महासभा ने अपने ज्ञापन में कहा। जिलाध्यक्ष सुरेंद्र तिवारी ने बयान की निंदा करते हुए कहा कि एक उच्च पद पर बैठे अधिकारी द्वारा इस तरह की भाषा का प्रयोग अत्यंत शर्मनाक है और यह पूरे समाज को अपमानित करता है। आईएएस संतोष वर्मा पर तत्काल एफआईआर दर्ज की जाए। उन्हें उनके पद से तुरंत बर्खास्त किया जाए। उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा जाए ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति इस तरह के अमर्यादित बयान देने का दुस्साहस न करे। महिला प्रकोष्ठ जिलाध्य रितु शर्मा, जिला अध्यक्षः सुरेंद्र तिवारी,नगर अध्यक्षः सौरभ कौशिक,हर्षिता तिवारी, मनुका गोस्वामी, संध्या गोस्वामी, प्रमोद कांकर, दीपक नायक, विजय नायक, नितिन चौबे, अमरनाथ तिवारी मौजूद रहे।

### यातायात माह नवंबर का समापन, एसपी ने चालकों को हेलमेट बांटे

# महीने भर स्कूलों, नुक्कड़ नाटकों से किया गया जागरुक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

एक माह से लगातार चले यातायात माह नवम्बर का सोमवार को विधिवत समापन हो गया। समापन अवसर पर एसपी मो.मुश्ताक ने दलबल के साथ कार्यालय के बाहर मुख्य मार्ग पर आने-जाने वाले वाहन चालकों को हेलमेट वितरण कर यातायात नियमों का पालन करने और सुरक्षित चलने का आह्वान किया। दो पहिया वाहन सवार महिलाओं, पुरुषों को हेलमेट बांटकर यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। एसपी ने मुख्य बिन्दुओं पर अमल करने का आह्वान किया, जिसमें दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट अवश्य लगायें, दो पहिया वाहन चलाते समय तीन सवारी बैठकर न चलें, बिना नंबर प्लेट के वाहन न चलायें, नशे की हालत में वाहन



नाचलायें, वाहन को ओवर स्पीड से न चलायें, सड़क पर सदैव अपनी बायीं दिशा में चलें, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करें, चार पहिया वाहन (कार) चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें, वाहनों में ब्लैक फिल्म का प्रयोग न करे, नाबालिग को वाहन न चलाने दें। समापन पर अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह, क्षेत्राधिकारी यातायात राजेश कुमार श्रीवास्तव, क्षेत्राधिकारी मड़ावरा कृष्ण कुमार मिश्रा, प्रभारी निरीक्षक अनुराग अवस्थी, यातायात प्रभारी आलोक कुमार तिवारी, टीएसआई अब्दुल नफीस, टीएसआई साकेब हाशिमी, पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

**महीने भर में हुई कार्रवाई का ब्योरा:** नवम्बर में हुयीं कार्रवाई के दौरान दो पहिया वाहन चलाते समय हेल्मेट का उपयोग न करने पर 4420 चालान, बाइक पर तीन सवारी बैठाने पर 785 चालान, चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट न लगाने पर 202 चालान, वाहन चलाते समय मोबाइल, हेन्ड हेल्ड डिवाइस का उपयोग करने पर 151 चालान, नो पार्किंग के 628 चालान, बीमा न होने पर 637 चालान, फिटनेस न होने पर 63 चालान, 886 वाहनों के चालान किये गये।

## विधानसभा में श्योपुर विधायक और कृषि मंत्री आमने सामने

# विधायकः किसान ने की सदमे से आत्महत्या मंत्री:पारिवारिक कलह से की है खुदकुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जैनी मानपुर क्षेत्र के सिरसौद गांव के किसान कैलाश मीणा द्वारा की गई आत्महत्या का मामला विधानसभा में गूंजा। इस मामले में विधायक बाबू जंडेल और कृषि मंत्री एदल सिंह कंषाना आमने-सामने हो गए। दोनों के बीच इतनी हॉट टॉक हुई कि विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर को हस्तक्षेप करते हुए विधायक जंडेल को चुप कराना पड़ा। विधायक जंडेल जहां मृत किसान को बेमौसम बारिश से हुई क्षति के कारण सदमे से आत्महत्या करना बताकर मुआवजा की मांग कर रहे थे, वहीं कृषि मंत्री एंदल सिंह कंषाना ने विधायक को झूठा बताते हुए किसान को घरेलू कारणों से आत्महत्या करना बता डाला।

सदन में बोलते हुए विधायक बाबू जण्डेल ने कहा कि अध्यक्ष महोदय, श्योपुर में, सिरसौद में किसान ने आत्महत्या बमूल के पेड़ पर फांसी लगाकर कर ली थी। किसान बेमौसम बारिश से बर्बाद हुई अपनी धान की फसल के सदमे से आहत था। आत्महत्या की पुष्टि पोस्टमार्टम से भी हो चुकी है लेकिन सरकार किसान द्वारा आत्महत्या करने से ही इंकार करते हुए उसके परिजनों को सहायता नहीं दे रही है। जबकि कलेक्टर के माध्यम से सरकार ने मृत किसान के आश्रित सदस्य को 15 लाख रूपये मुआवजे की घोषणा की थी लेकिन अभी तक उक्त परिवार को 15 रूपये भी नहीं दिए गए हैं। हंगामा तब हो गया जब विधायक जंडेल के प्रश्न का जवाब देते हुए कृषि मंत्री एदल सिंह कंषाना ने कह दिया कि अध्यक्ष महोदय बाबू जण्डेल जो कह रहे हैं वहां की जानकारी मेरे पास है, वह उनका पारिवारिक कलह था, उनकी बेटी की शादी हुई थी और वह बेटी अपनी ससुराल नहीं जा रही थी इसीलिए उनके पिताजी ने आत्महत्या की, कोई भूख से आत्महत्या नहीं की। इस प्रकार से इस पवित्र मंदिर में गलत जानकारी देना अच्छी बात नहीं है। इस पर विधायक बाबू जंडेल ने मंत्री को बीच में टोका तो विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने उन्हें चुप कराने का प्रयास किया लेकिन मामले में हंगामा तब बढ़ गया जब बाबू जंडेल का समर्थन नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार और अन्य कांग्रेसी विधायक करने लगे।





### जब विधानसभा अध्यक्ष ने टोका विधायक को

विधायक बाबू जंडेल के प्रश्न का जवाब देने के लिए जब कृषि मंत्री कंषाना खड़े हुए और उन्होंने विधायक द्वारा किसान के आत्महत्या करने और उसके परिवार को राशि नहीं देने के मामले में जवाब देते हुए किसान को फसल क्षति से पीड़ित मानने से इनकार किया तो विधायक ने खड़े होकर उन्हें बीच में टोका और बोलने से रोका इस पर विधानसभा अध्यक्ष ने उन्हें जवाब सुनने की नसीहत देते हुए बीच में टोकाटकी न करने की नसीहत देकर बैठा दिया। हालांकि बाद में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार और अन्य भाजपा नेताओं ने जमकर हंगामा किया जिससे मंत्री को अपना जवाब देने में भी खासी परेशानी हुई।

### विधायक ने बीमा कंपनी पर लगाए गंभीर आरोप

विधानसभा में बोलते हुए विधायक बाबू जंडेल ने फसल बीमा कंपनी पर किसानों के साथ लूट खसोट करने धोखा देने के गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि बीमा कंपनी किसानों को बताए बिना जबरदस्ती उनके खातों से बीमा की राशि काट लेती है और जब फसल खराब होती है तो मुआवजा देने में पीछे हट जाती है। श्योपुर जिले में एक लाख किसानों की फसल बर्बाद हुई है इसकी पुष्टि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा श्योपुर पहुंचकर एक लाख किसानों के खातों में मुआवजा डाले जाने से हो गई है लेकिन बीमा कंपनी ने अभी तक एक रुपया भी किसी किसान के खाते में नहीं डाला है जो कंपनी किसानों से जबरदस्ती रुपए ऐंठ कर बीमा करती है और समय पर क्लेम नहीं देती है ऐसी कंपनी पर भी दंडात्मक कार्रवाई की जाए और किसानों को मुआवजा दिलाने के लिए संबंधित कंपनियों को मजबूर किया जाए।

## आरआरआर रिसोर्ट में शादी समारोह के दौरान हुई वारदात, चोर बेसुराग

# शादी समारोह में दुल्हन के पिता का रुपए और जेवरों से भरा बैग पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

शहर के शिवपुरी रोड स्थित आरआरआर रिसोर्ट में आयोजित एक शादी समारोह में दुल्हन के पिता का रुपए और जेवरों से भरा बैग उस समय पार हो गया, जब वह स्टेज पर फोटो खिंचवा रहे थे। बैग में 35 हजार रुपए नकदी और जेवर रखे हुए थे। फिलहाल बैग चोरी कर भागे चोर का कोई सुराग नहीं है, लेकिन स्टेज से बैग को उठाकर ले जाते हुए एक लड़का कैमरे में जरूर कैद हो गया है। कोतवाली पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर चोर की तलाश शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार शहर के आरआरआ रिसोर्ट में 30 नवंबर को श्योपुर के किला रोड अंधेरबावडी निवासी नरेन्द्र शर्मा के पुत्र दीपू उर्फ अश्विनी की शादी थी। जब स्टेज पर दूल्हा दुल्हन को आशीर्वाद देने का कार्यक्रम चल रहा था। तभी नरेन्द्र शर्मा के समधी यानि दुल्हन के पिता नंद बिहारी शर्मा निवासी सौरखंड थाना अंता जिला बारां राजस्थान स्टेज पर दूल्हा दुल्हन के साथ फोटो खिंचवाने के लिए चढ़े। इस दौरान उन्होने जैसे ही फोटो खिंचवाने के लिए रूपए और जेवरो से भरा बैग नीचे रखा,वैसे ही स्टेज पर चढा एक बालक उस बैग को उठाकर चंपत हो गया। जिसका पता दुल्हन के पिता नंद बिहारी शर्मा को तब चला, जब वे फोटो खिंचवाने के बाद अपने बैग को उठाने के लिए पीछे मुडे और उन्हें बैग नहीं दिखा। इसके बाद आसपास बैग की तलाश शुरू की मगर बैग नहीं मिला। वीडियो रिकॉर्डिंग के दौरान एक लड़का उस बैग को स्टेज से पीछे की तरफ से उठाकर जाते हुए दिख रहा है।



### 35 हजार नकदी और जेवर रखे थे बैग में

बताया गया है कि शादी समारोह से पार हुए दुल्हन के पिता के बैग में 35 हजार रूपए नकदी, एक जोडी कान की झुमकी सोने की, एक सोने की नाक की बाली,एक सोने की नथ, 2 जोडी तोडिया चांदी की, 06 चांदी की बिछिया आदि रखे हुए थे। जिनकी कीमत दो लाख रूपए से अधिक बताई जा रही है।

### इधर मैरिज गार्डन के बाहर से बाइक चोरी

शहर के बडौदा रोड स्थित रामद्धारा मैरिज गार्डन के बाहर से एक बाइक तब चोरी हो गई, जब बाइक मालिक बाइक को मैरिज गार्डन के बाहर खड़ी करके मैरिज गार्डन में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने के लिए गया था। बाइक चोरी की यह वारदात पिछले सप्ताह की है। लेकिन अभी तक न तो बाइक को कोई पता चल सका है और न ही बाइक चोर का कोई सुराग मिला है। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने बाइक मालिक मदन मोहन शिवहरे निवासी पांडोला की रिपोर्ट पर बाइक चोरी का केस दर्ज कर चोर की तलाश शुरू कर दी है।

# दलित के साथ मारपीट करने वाले दो आरोपियों को छह छह माह के सश्रम कारावास की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

दलित के साथ मारपीट करने संबंधी तीन साल पुराने मामले में श्योपुर न्यायालय ने फैसला सुनाते हुए दो आरोपियों को छह छह माह के सश्रम कारावास की सजा सुना दी। इस मामले में शासन की ओर से पैरवी करने वाले विशेष लोक अभियोजक राजेन्द्र जाधव एड ने बताया कि यह विवाद 25 अगस्त 2022 को श्योपुर के नए बस स्टैंड में तब घटित हुआ, जब एक अजा वर्ग के फरियादी युवक की नामजद आरोपियों ने पुराने मामले में राजीनामा करने की बात को लेकर जातीय अपमान करते हुए मारपीट कर दी। इस दौरान फरियादी को मारने के लिए छुरा भी निकाल लिया,लेकिन आसपास के लोगो ने बीच बचाव कर दिया। इस मामले में अजाक थाना पुलिस ने फरियादी युवक की रिपोर्ट पर एफआईआर दर्ज कर चालान विशेष न्यायालय श्योपुर में प्रस्तुत किया। विशेष न्यायालय ने विचारण के दौरान आरोपी अमन उर्फ मोनू पुत्र रविन्द्र भदौरिया निवासी फौजी का टपरा हीरापुर तथा कुलदीप पुत्र मूलचंद जांगिड निवासी गैस गोदाम के पास सलापुरा को दोषी मानते हुए छह छह माह का सश्रम कारावास और एक एक हजार के जुर्माने की सजा सुना दी।

# एसआईआर कार्य में लापरवाही पर बीएलओ निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में लापरवाही बरतने पर प्राथमिक शिक्षक चिरोंजी लाल जाटव बीएलओ भाग संख्या 281 प्राथमिक शाला भवन गोठरा विधानसभा क्षेत्र विजयपुर को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने की कार्यवाही की गई है। जारी आदेश के अनुसार रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा बीएलओ सुपरवाईजर द्वारा बार-बार निर्देशित किये जाने के बावजूद भी एसआईआर के कार्य में निरंतर लापरवाही बरती जा रही है, जिसके चलते उनके विरूद्ध निलंबन की कार्यवाही की गई है तथा निलंबन काल में मुख्यालय रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 02 विजयपुर किया गया है।

# डीएम ने हरी झंडी दिखाकर किया मोबाइल मेडिकल क्लिनिक सेवा का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कलेक्टर अर्पित वर्मा ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर से परिवार एजुकेशन सोसाइटी द्वारा संचालित मोबाइल मेडिकल क्लिनिक सेवा का हरी झंडी दिखाकर एवं फीता काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर डॉ आरए प्रजापति, परिवार संस्था के प्रतिनिधि वीरेन्द्र जाटव, कपिला बारेला, गजेन्द्र आर्य, अंकित यदुवंशी, बलदेव परमार आदि उपस्थित थे।




कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा इस दौरान मोबाइल मेडिकल क्लीनिक सेवा की टीम से चर्चा की गई तथा निशुल्क स्वास्थ्य सेवा के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। परिवार संस्था के प्रतिनिधियों ने बताया कि इस सेवा के माध्यम से विजयपुर क्षेत्र के 52 दूरस्थ और जरूरतमंद आदिवासी गाँवों में निःशुल्क प्राथमिक उपचार, स्वास्थ्य परामर्श और दवा वितरण की सुविधा ग्रामीणों को उनके गाँव में ही उपलब्ध होगी। मोबाइल क्लिनिक प्रतिदिन 4 से 5 गाँवों में भ्रमण करेगा तथा टीम द्वारा बीमार व्यक्तियों की जाँच की जायेगी और निःशुल्क दवाइयाँ व परामर्श उपलब्ध कराया जायेगा। गंभीर रोगियों को आवश्यकता अनुसार श्योपुर, शिवपुरी, ग्वालियर, भोपाल, दिल्ली एम्स जैसे सरकारी अस्पतालों में रेफर किया जाएगा तथा संस्था द्वारा उनके उपचार की व्यवस्था भी कराई जाएगी। इस मोबाइल क्लीनिक सेवा में एमबीबीएस चिकित्सक सहित अन्य स्वास्थ्य अमला संस्था की ओर से नियुक्त किया गया है। उन्होने बताया कि कराहल व श्योपुर ब्लॉक में पूर्व से ही मोबाइल क्लीनिक संचालित है।

# जनसुनवाई में आई महिला को मौके पर ही मिला कल्याणी पेंशन का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर




मंगलवार को जनसुनवाई में पहुंची कंचन आदिवासी को सीईओ जिला पंचायत सौम्या आनंद के निर्देश पर तत्काल कल्याणी पेंशन का लाभ दिया गया। ग्राम सलापुरा निवासी विधवा महिला कंचन पत्नि स्व. मोती आदिवासी ने बताया कि उसके गुजारे भत्ते के लिए उसे सामाजिक सुरक्षा पेंशन का लाभ नहीं मिल रहा है। जिप सीईओ सौम्या आनंद ने तत्काल कार्यवाही करते हुए मौके पर ही पेंशन स्वीकृत करा दी। कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देशानुसार मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सौम्या आनंद द्वारा जनसुनवाई के दौरान प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया गया। इस दौरान सामाजिक सुरक्षा पेंशन, आवास योजना, पोषण आहार, खाद्यान पात्रता पर्ची से संबंधित आवेदनों का मौके पर ही निराकरण कर आवेदको को लाभ के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। जनसुनवाई के दौरान कुल 119 आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई में डिप्टी कलेक्टर संजय जैन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# श्रीमद्भागवत कथा आज से, पारखजी के बाग से निकलेगी भव्य पोथीयात्रा एवं कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

शहर में श्रीरामतलाई हनुमान मंदिर पर श्रीमद्भागवत कथा ज्ञानयज्ञ का भव्य आयोजन 03 दिसम्बर से शुरू होने जा रहा है जिसमें अहमदाबाद सूरत से वैष्णवाचार्य गोवर्धनेश अपनी समधुर वाणी से कथा का रसपान करायेंगे। इसके पूर्व एक भव्य कलश भी निकाली जायेगी। इस कथा की तैयारियां पूरी कर ली गई है। कथा का समापन 09 दिसम्बर को विशाल भंडारे के साथ किया जायेगा। कथा के मुख्य यजमान दुर्गाप्रसाद गर्ग, विपिन गर्ग एवं डॉ गोपाल गर्ग ने बताया कि वैष्णवीय सृष्टि को बधाई स्वरूप श्योपुर की धरती पर पहली बार जगद्गुरू श्रीमद्वल्लभाचार्य जी के वंशज गोवर्धनेश महाराजश्री कथा का श्रवण कराने के लिए 03 दिसम्बर को पधार रहें हैं। कथा दोपहर 12.30 बजे से सायं 4 बजे तक नियमित रूप से श्रवण कराई जायेंगी। प्रथम दिवस 03 दिसम्बर बुधवार को भव्य पोथीयात्रा एवं कलश यात्रा प्रातः 9.30 बजे पारखजी के बाग से प्रारम्भ होकर कथा स्थल रामतलाई हनुमान मंदिर पहुंचेगी, जहां कथा का मंगलाचरण होगा। कथा के यजमानगणो ने सभी शहरवासियों से कथा में पहुंचकर अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की है।

# डॉ भदकारिया को मिला श्योपुर मेडिकल कॉलेज के डीन का प्रभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

श्योपुर मेडिकल कॉलेज के डीन अब डॉ विपेन्द्र भदकारिया होंगे। इसके पहले डीन का प्रभार डॉ अनिल अग्रवाल पर था। अचानक डीन का प्रभार बदल देने से डॉ अनिल अग्रवाल ने अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि अब शायद मेरी जरूरत श्योपुर मेडिकल कॉलेज को नहीं है। इसलिए सीनियर से हटाकर जूनियर को प्रभार दिया गया है। यहां बता दें कि अभी तक डॉ अनिल अग्रवाल पर श्योपुर मेडिकल कॉलेज के डीन का प्रभार था। लेकिन वित्तीय अधिकार उनके पास नहीं थे। श्योपुर मेडिकल कॉलेज डीन के वित्तीय अधिकार गजराजा मेडिकल कॉलेज के डीन के अधीन है। जिसकारण श्योपुर मेडिकल कॉलेज की व्यवस्थाओ के संचालन में खासी असुविधा उठानी पड रही है। बताया जा रहा है कि इन्ही अव्यवस्थाओ को लेकर डॉ अनिल अग्रवाल वरिष्ठ अधिकारियों के पत्र लिखकर श्योपुर मेडिकल कॉलेज डीन के वित्तीय अधिकार गजराजा मेडिकल कॉलेज डीन से हटाए जाने के लिए कह चुके है।

समझा जा रहा है कि विभागीय अधिकारियों को डॉ अनिल अग्रवाल के द्वारा डीन के वित्तीय अधिकार दिए जाने संबंधी इस तरह का पत्र लिखा जाना अखर गया है। इसलिए उनके पास से श्योपुर मेडिकल कॉलेज के डीन का प्रभार हटाकर डा वीपेन्द्र भदकारिया को सौंप दिया गया है। चूंकि डॉ अनिल अग्रवाल, डॉ विपेन्द्र भदकारिया से सीनियर बताए जा रहे है। इसलिए डीन का प्रभार सीनियर से हटाकर जूनियर को सौंपने से डॉ अनिल अग्रवाल नाराज हो गए है और उन्होंने विभागीय अधिकारियों को पत्र लिखकर उनकी पदस्थी फिर से गजराजा मेडिकल कॉलेज कर दिए जाने का अनुरोध किया है। इसके लिए उन्होंने अपने स्वास्थ्य कारणों का हवाला भी दिया गया है।

## कलेक्टर, डीएफओ और विस्थापितों के बीच हुई बैठक

# खुर्दऊमरी गांव होगा विस्थापित, जिला और खंड स्तरीय समिति गठन पर बनी सहमति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कूनो नेशनल पार्क के बफर जोन में आ रहा एक और गांवों का विस्थापन होने जा रहा है। मंगलवार को इस मामले में कलेक्टर अर्पित वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई बैठक में विजयपुर विकासखंड के खुर्दऊमरी गांव और उससे झक्कापुर माड़ की ज़मीन को विस्थापित करने के लिए कलेक्टर अर्पित वर्मा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय और विजयपुर एसडीएम अभिषेक मिश्रा की अध्यक्षता में खंड स्तरीय समिति गठन पर सहमति बन गई है।

एकता परिषद के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे आदिवासियों ने कलेक्टर अर्पित वर्मा को बताया कि उनकी भूस्वामी पट्टे की ज़मीन झक्कापुर खुर्दऊमरी भूमि सर्वे कमांक 144, 158, 105/4. 99/1. .118/1, 177, 87, 92/2, 86, 93, 9479, 80, 104, 76, 122, 71, 8143, 59, 77, 92/3, 57, 58, 60, 62, 92/5 में है जहां वह घर बनाकर रहने ओर खेतीबाड़ी करने का काम पुश्तों से करते आ रहे थे लेकिन करीब 4 वर्ष से हमको फोरेस्ट वाले परेशान कर रहे है। हमें न तो मुआवजा दिया जा रहा है न रहने व खेती किसानी करने दिया जा रहा है। हालांकि इस मामले में परिवारों के साथ महात्मा गांधी सेवा आश्रम एकता परिषद लगातार ज्ञापन प्रदर्शन कर प्रशासन को सूचना देता रहा है और कलेक्टर अर्पित वर्मा को भी इस संबंध में पहले से जानकारी से अवगत करा दिया गया था जिसके चलते उन्होंने डीएफओ कूनो आर थिरूकुलर को भी बुला लिया था दोनों के बीच इस बात पर सहमति बनी कि आदिवासी जिस गांव और उससे जुड़ी ज़मीन की बात कर रहे हैं वह कूनो फॉरेस्ट के बफर जोन में आ रही है और चीता प्रोजेक्ट के चलते उक्त गांव का विस्थापन जरूरी है। विधिवत विस्थापन हो इसके लिए जिला स्तरीय व खंड स्तरीय समिति बनाई जाए जिसकी सिफारिश भोपाल शासन को भेजी जाए कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देश पर जिला स्तरीय ओर खंड स्तरीय समिति बनाने पर सहमति भी बना ली गई। इस दौरान सहरिया विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष सीताराम आदिवासी, महात्मा गांधी सेवाश्रम के प्रबंधक जयसिंह जादोन, जनपद सदस्य बाईसराम आदिवासी, एकता परिषद के जिलाध्यक्ष गंगाराम आदिवासी व विस्थापित होने वाले गांव के ग्रामीण मौजूद रहे।



### कलेक्टर और एसडीएम की अध्यक्षता में बनेगी समिति

विस्थापन प्रक्रिया के लिए जिला ओर खंड स्तरीय समिति गठित की जाएगी। जिला स्तरीय समिति कलेक्टर के अध्यक्षता में गठित होगी जिसमें डीएफओ कूनो के अलावा प्रशासनिक ओर वन्य प्रशासन से जुड़े अधिकारी शामिल होंगे। इसी तरह खंड स्तरीय समिति एसडीएम विजयपुर की अध्यक्षता में गठित होगी जिसमें एसडीओ (वन) विजयपुर और वहां के स्थानीय प्रशासनिक ओर वन्य अधिकारी कर्मचारी शामिल होंगे। खंड स्तरीय समिति नियत समय सीमा में सर्वे कर रिपोर्ट जिला स्तरीय समिति को सौंपेगी ओर जिला स्तरीय समिति उक्त रिपोर्ट को आधार मानकर शासन को मुआवजा के लिए सिफारिश ओर डिमांड राशि भेजेगी।

### कलेक्ट्रेट के घेराव की थी योजना, एकता परिषद ने कराया संवाद

चार साल से आवेदन ज्ञापन दे रहे आदिवासियों ने विगत दिनों रविवार को जिला मुख्यालय पहुंचकर कलेक्ट्रेट का घेराव करने की योजना बना ली थी। हालांकि धरना प्रदर्शन प्रतिबंधित होने के बाद भी आदिवासी कलेक्ट्रेट में डेरा डालने पर आमादा हो थे वह परिवार सहित कलेक्ट्रेट परिसर को आशियाना बनाने की तैयारी में आए थे लेकिन एकता परिषद महात्मा गांधी सेवा आश्रम द्वारा कलेक्टर से संवाद कर उक्त आंदोलन को टाला गया और महात्मा गांधी सेवा आश्रम कार्यालय में डीएफओ कूनो आर थ्रीकुलर और एसडीएम बीपी श्रीवास्तव के साथ ग्रामीणों का संवाद करवाया तब दिए गए आश्वासन के आधार पर मंगलवार को कलेक्टर अर्पित वर्मा ने डीएफओ कूनो के साथ बैठक कर उनके विस्थापन के स्थाई समाधान का हल निकाला है।

# श्योपुर जैसे पिछड़े जिले में स्वास्थ्य कैंप सकारात्मक पहल :अनवर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

बीमारी पर तंदुरुस्ती अल्लाह की नेमत है और इसमें नेमत को बनाए रखने के लिए इंसान को भी फिक्रमंद होना जरूरी है। श्योपुर जैसे स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में पिछड़े जिले में इस तरह के कैंप आयोजित कर लोगों को निशुल्क इलाज और चिकित्सा परामर्श देना सकारात्मक पहल है। यह बात जयपुर से आए सेवानिवृत्त जिला न्यायाधीश एवं हजरत नेकनाम शाह वेलफेयर सोसाइटी के संरक्षक मोहम्मद अनवर ने हजरत नेकनाम शाह स्कूल में एचएमएस हाड़ौती मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल कोटा के सहयोग से आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य एवं परामर्श शिविर का शुभारंभ करते हुए कही।



स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ करते हुए शिक्षाविद् अनवर अहमद ने कहा कि भारत में लोग अपने परिजनों के स्वास्थ्य के लिए तो बेहद चिंतित होते हैं लेकिन खुद के स्वास्थ्य के लिए वह हमेशा लापरवाह बने रहते हैं। जो अपने और अपने परिवार के लिए खतरनाक है लोग अपना स्वास्थ्य परीक्षण नियमित रूप से कारण और फिट रहे इस दौरान आयोजित हुए शिविर में यूरो लिस्ट, जनरल फिजिशियन, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ, हड्डी जोड़ रोग विशेषज्ञ, जनरल लेप्रोस्कोपी सर्जन, नाक कान गला विशेषज्ञ चिकित्सकों ने सेवाएं दी। दो सैकड़ा से अधिक लोगों ने शिविर में पहुंचकर स्वास्थ्य लाभ और परामर्श लिया। इससे पहले शहर काजी अतीक उल्लाह कुरैशी ने बाहर से आए सभी चिकित्सकों और स्टाफ का माला पहन कर स्वागत किया।

# खबर संक्षेप

## फरियादी की रिपोर्ट पर से मामला दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के चन्देरी थाने के अंतर्गत हाटकापुरा निवासी संजय आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि ग्राम बांकलपुर निवासी करतार आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर से आरोपी के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज किया है।

## अवैध शराब के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में अवैध शराब के कईं मामले दर्ज किए गए है। जिले की चन्देरी पुलिस ने दुधराई निवासी सतपाल बंजारा के पास से 7 लीटर और देवरछी निवासी तोफान सिंह यादव के पास से 7 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। जिले की बहादुरपुर ने मोला डेम निवासी धनिया बाई के पास से 5 लीटर और परियाबाई निवासी मोलाडेम के पास से भी 5 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है। सेहराई पुलिस ने चिरौली निवासी रवि आदिवासी से 5 लीटर कच्ची शराब बरामद की है।

## नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा वितरित किए गए कामाख्या यात्रा के टिकट

**अशोकनगर।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा चलाई जा रही तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत 3 दिसंबर को तीर्थ यात्रियों का जत्था कामाख्या देवी के दर्शन हेतु रवाना किया जाएगा। इस हेतु जिले को 250 यात्रियों का बर्थ कोटा रेलवे द्वारा दिया गया है। जिसमें नगरीय क्षेत्र अशोकनगर के 80 यात्रियों को नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया के द्वारा सम्मानपूर्वक टिकटों का वितरण किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ पार्षद महेंद्र भारद्वाज सहित नगर पालिका का स्टाफ मौजूद रहा। नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा सभी यात्रियों को यात्रा की सफलता हेतु शुभकामनाएं भी दी गईं।

## चंदेरी विधायक ने की ईसागढ मंडल का नाम हनुमानगढ़ करने की मांग

**अशोकनगर।** चन्देरी ईसागढ क्षेत्र के विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमन्त खण्डेलवाल को एक पत्र लिखकर मांग की है कि उनके विधानसभा के अंतर्गत आने वाले ईसागढ़ मण्डल का नाम हनुमानगढ़ किया जाए। इस तरह की मांग भारतीय जनता पार्टी के ईसागढ़ मंडल के कार्यकर्ताओं के द्वारा लगातार की जा रही है कि ईसागढ़ का नाम परिवर्तित कर हनुमानगढ़ किया जाये। कार्यकर्ताओं की मांग के आधार पर पार्टी स्तर पर चन्देरी विधानसभा के ईसागढ़ मंडल का नाम परिवर्तित कर हनुमानगढ़ मंडल किया जा सकता है।

## जिला मेडिकल एसोशियन समिति की बैठक आयोजित

**अशोकनगर।** जिला चिकित्सालय अशोकनगर में रात्रि के समय इलाज हेतु आने वाले मरीजो को दवाईयों के लिये परेशान नही होना पडे इस सुविधा हेतु रात्रिकालीन मेडीकल शॉप खोले जाने के संबंध में जिला मेडीकल एसोशियन समिति की बैठक का आयोजन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय अशोकनगर में किया गया। बैठक में उपस्थित मेडीकल एसोशियन से चर्चा उपरांत जिला चिकित्सालय अशोकनगर में रात्रिकालीन मेडीकल शॉप खोले जाने पर सहमति प्रदाय की गई। बैठक में जिला चिकित्सालय अशोकनगर में ईलाज हेतु आने वाले मरीजो की सुविधा के लिये रात्रिकालीन 01 मेडीकल शॉप खोलने, मेडीकल शॉप पर बड़े-बड़े अक्षरो में मोबाईल नम्बर प्रदर्शित होने, मेडीकल शॉप पर मरीजो के ईलाज हेतु समस्त इमरजेंसी दवाईयां उपलब्ध होने, जिला चिकित्सालय अशोकनगर में नाम वार एवं दिनांक वार खुलने वाले मेडीकल शॉप की सूची चस्पा होने के संबंध में विस्तार से चर्चा कर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये। गये। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.अलका त्रिवेदी सहित जिला मेडीकल एसोशियन समिति के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### गीता महोत्सव के जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन

# 1100 छात्र-छात्राओं ने श्रीमद् भागवत गीता के 15वें अध्याय का पाठ किया





हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

गीता जयंती के अवसर पर अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को स्वामी विवेकानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अशोकनगर में किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों को 1100 छात्र छात्राओं द्वारा श्रीमद्भगवद्गीता के 15वें अध्याय का सामूहिक सस्वर गीता पाठ संवेद स्वर में एक साथ किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर आदित्य सिंह ने कहा कि गीता के उपदेश हमारे जीवन में नैतिकता के महत्व को समझाते है। हम सभी को मेहनत कर कर्म की ओर आगे बढते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि गीता के ज्ञान को हम अपने जीवन में आत्मसात करें। धार्मिक ग्रंथ मानव कल्याण का मार्ग प्रशस्त्र करते है। उन्होंने कहा कि गीता ऐसा धर्मग्रंथ है जिसकी शिक्षा प्रत्येक स्थल पर व्यक्ति का चरित्र निर्माण एवं मार्ग दर्शन करती है।

इस अवसर अशोकनगर विधायक हरिबाबू राय ने कहा कि गीता का सार संदेश यही है कि हम अपना पूरा जीवन शांतिप्रिय तरीके से मर्यादा के साथ जीये,हम अपने कर्तव्यों के प्रति भगवान श्रीकृष्ण के दिये गए उपदेशों पर चलकर सही काम करें। गीता का सार हमारे जीवन में नई दिशा लेकर आता है। कार्यक्रम में पूर्व विधायक जजपाल सिंह ने कहा कि कर्म किये जा फल की इच्छा मत कर रे इंसान को चरिथार्थ करते हुए गीता के संदेश को अपने जीवन में उतारे। जिससे जीवन का उद्धार होगा तथा आत्मविश्वास बढेगा। हम सभी की ईश्वर के प्रति आस्था होती है। उन्होंने कहा कि ईश्वर के यहां हर सांस का हिसाब है इंसान की हर सांस तय है।इंसान के जीवन में जैसा भाव पैदा होता है उसकी शक्ति वैसी ही बन जाती है। गीता का ज्ञान एवं पवित्र ग्रंथ के उच्चारण से प्रकृति के वातावरण में सुधता मिलती है और पूरी श्रृष्ठि में बदलाव की अनुभूति होती है। कार्यक्रम में हितेन्द्र बुधौलिया द्वारा श्रीमद्भगवत गीता के संबंध में विस्तार से बताया गया। इस अवसर पर पंडित दिनेश विरथरे ने कार्यक्रम के प्रस्तावना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पूरे भारत देश में भागवत गीता के लक्ष्य को ध्यान में रखकर कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। गीता से ही समस्याओं का समाधान हो सकता है।

### चंदेरी में हुआ गीता जयंती पर सामूहिक सस्वर गीता पाठ का



शासन के निर्देशानुसार जिले में गीता जयंती के अवसर पर अंतराष्ट्रीय गीता महोत्सव का आयोजन किया गया। गीता जयंती के उपलक्ष्य में राजा शिशुपाल की नगरी चंदेरी के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीईओ चंदेरी सुरभि जैन ने की। कार्यक्रम में गीता का सामूहिक सस्वर पाठ किया गया। गीता स्वाध्याय मंडल चंदेरी के सहयोजक पंडित बृजनंदन रिछारिया शास्त्री एवं स्वाध्याय के सभी सदस्य एवं गणमान्य नागरिक,स्कूली छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे।

### प्रदर्शनी का आयोजन किया गया

कार्यक्रम में श्रीमद्भगवत गीता पर आधारित फोटो प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी का अवलोकन अतिथियों सहित उपस्थित लोगों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों द्वारा श्रीमद्भगवत गीता की आरती ओम जय भगवते गीते की गई। साथ ही उपस्थित जनों को प्रसादी का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह, संयुक्त कलेक्टर बृजविहारी लाल श्रीवास्तव,मुख्य नगर पालिका अधिकारी विनोद उन्नीतान,जिला शिक्षा अधिकारी सी.एस.सिसोदिया, डीपीसी राहुल शर्मा,जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी अरूण रघुवंशी, सांसद प्रतिनिधि संजीव भारिल,जनप्रतिनिधि सहित शिक्षकगण एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### संयुक्त टीम ने की बड़ी कार्रवाई

## सीईओ राज ने सिरसौद में जनमन आवासों का किया औचक निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ करेरा

करेरा के ब्लॉक सिरसौद में प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना के तहत निर्माणाधीन आवासों की गति को और सशक्त करने के उद्देश्य से सीईओ जिला पंचायत विजय राज द्वारा गतदिवस जनपद पंचायत करेरा के ग्राम पंचायत सिरसौद में पीएम जनमन आवास योजना अंतर्गत निर्मित किए जा रहे आवासों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उनके साथ अतिरिक्त सीईओ एन.एस.नरवरिया सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान सीईओ श्री राज एवं करेरा जनपद पंचायत सीईओ हेमंत सूत्रकार ने योजना के लाभार्थियों से संवाद करते हुए निर्माण कार्य में आ रही समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने निर्माण की गुणवत्ता का निरीक्षण करते हुए कार्य की पारदर्शिता और समयबद्ध पूर्णता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हर पात्र हितग्राही को समय पर आवास उपलब्ध हो और योजना का लाभ पूर्णतः पारदर्शी तरीके से पहुंचे। अपूर्ण आवास की कार्ययोजना बनाकर ढंग से कार्य पूर्ण कराने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए।

## जिला चिकित्सालय में विश्व एड्स दिवस पर कार्यशाला आयोजित की गई

**अशोकनगर।** सोमवार को विश्व एड्स दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय में जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मनीष अनुरागी, विशिष्ट अतिथि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अल्का त्रिवेदी एवं कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप में जिला एड्स नियंत्रण अधिकारी डॉ अशोक शाक्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ भूपेंद्र शेखावत, आर एम ओ डॉ बी एल टैगोर, वरिष्ठ वकील रफीक कुरैशी,ब्लड बैंक अधिकारी डॉ संदीप जैन एवं डॉ राममोहन गुर्जर के साथ अन्य कई चिकित्सक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के शुभारंभ में नोडल अधिकारी द्वारा एड्स दिवस की भूमिका व महत्व पर प्रकाश डाला। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अल्का त्रिवेदी द्वारा एचआइव्ही/एड्स में अंतर बताते हुए इनसे सुरक्षित रहने हेतु क्लिनिकल सुझावों को समझाया। जिला न्यायालय से पधारे सचिव मनीष अनुरागी द्वारा विधिक साक्षरता तथा पोक्सो एक्ट पर प्रकाश डाला।

### विधायक निधि का नहीं किया उपयोग

## 3 विधायक अशोकनगर 74, चंदेरी 54 लाख व मुंगावली पर 1.73 करोड़ शेष



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

मध्यप्रदेश में विधायकों के लिए निर्माण कार्य कराने हेतु ढाई करोड रूपए की राशि प्रतिवर्ष प्रदान की जाती है। इस राशि को विधायक अपने विधानसभा क्षेत्र में कहीं भी व्यय कर सकते हैं। जिले के 3 विधानसभा क्षेत्रों के विधायकों ने अभी तक पूरी राशि व्यय नहीं की है। तीनों विधानसभा क्षेत्रों के विधायकों के पास अभी शेष है। जिसमें सबसे कम चन्देरी विधायक पर और सबसे अधिक मुंगावली विधायक पर व्यय करने हेतु शेष बची है।

अशोकनगर विधायक हरीबाबू राय को वर्ष 2025-26 के लिए ढाई करोड़ रूपए निर्माण कार्यों में व्यय करने के लिए मिले थे जिसमें से अभी तक 1 करोड़ 75 लाख 44628 रूपए निर्माण कार्यों पर व्यय किए हैं। अभी उनके पास 74 लाख 5 हजार 372 रूपए की राशि शेष है। विधायक जहां चाहेंगें वहां यह राशि निर्माण कार्यों पर व्यय कर सकते हैं। इसी प्रकार स्वेच्छानुदान निधि के रूप में प्रत्येक विधायक को 75 लाख रूपए की राशि प्रदान की जाती है। विधायक उक्त राशि को अपनी स्वेच्छा से किसी को प्रदान करने का अधिकार रखते हैं। इस कडी में अब तक 75 लाख रूपए की राशि में से अशोकनगर विधायक 73 लाख 34 हजार 800 रूपए आवंटित कर चुके हैं अब उनके पास 1 लाख 65 हजार 200 रूपए की राशि शेष है। इसी प्रकार चन्देरी विधानसभा क्षेत्र के लिए आवंटित ढाई करोड़ रूपए की राशि विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी को व्यय की जाना थी उक्त राशि में से अब तक वह निर्माण कार्यों पर 1 करोड़ 95 लाख 26 हजार 455 रूपए व्यय कर चुके हैं अब उनके पास विधायक निधि के तौर पर 54 लाख 73 हजार 45 रूपए शेष हैं। इसी प्रकार चन्देरी विधायक को 75 लाख रूपए की स्वेच्छानुदान राशि प्राप्त हुई थी जिसमें से अब तक उनके द्वारा 67 लाख 87 हजार 500 रूपए की राशि व्यय की जा चुकी है। अभी उनके पास 7 लाख 12 हजार 500 रूपए की राशि शेष है।

इसी प्रकार मुंगावली विधानसभा क्षेत्र के लिए आवंटित ढाई करोड रूपए की राशि जो विधायक बृजेन्द्र सिंह द्वारा अपने क्षेत्र में निर्माण कार्यों पर व्यय की जाना थी उक्त राशि में से अब तक सबसे कम राशि के तौर पर 76 लाख 93 हजार 214 रूपए व्यय किए गए हैं। उनके पास अभी भी 1 करोड 73 लाख 7 हजार 861 रूपए शेष हैं। सबसे ज्यादा राशि अभी मुंगावली विधायक के पास विधायक निधि शेष बची है। मुंगावली विधायक को स्वेच्छानुदान निधि के रूप में 75 लाख रूपए की राशि आवंटित हुई थी।



## शिक्षक की सेवानिवृत्ति पर विद्यालय प्रबंधन ने भावभीनी विदाई दी

**अशोकनगर।** शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल नारायणपुर में पदस्थ सहायक शिक्षक विज्ञान राजेश कुमार चतुर्वेदी की अधिवर्ष की आयु पूर्ण होने पर विद्यालय द्वारा सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह आयोजित किया गया। जिसमें प्राचार्य भोलाराम शर्मा द्वारा चतुर्वेदी को फूल माला पहनाकर शाल श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान उनके द्वारा 39 वर्ष में शिक्षक रहते हुए उपलब्धियां को बताया गया। सेवानिवृत्ति समारोह में छात्र-छात्राओं के अलावा शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल नंबर 1 के प्राचार्य राकेश यादव, सुरेश शमार, राजकुमार मिश्रा उपस्थित रहे। चतुर्वेदी के साथ उनकी धर्मपत्नी और परिजन एवं मिडिल स्कूल नारायणपुर के प्रधानाध्यापक ओमप्रकाश धाकड़ मिडिल स्कूल का स्टाफ उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संचालन गोविंद जाटव द्वारा किया गया।

## रात्रि में अधिक तेज आवाज में डीजे बजाने वालों पर कोलाहल एक्ट के तहत कार्रवाई

### थाना पिछोर पुलिस ने की सख्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिछोर

थाना पिछोर पुलिस ने शिवपुरी पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ द्वारा समस्त स्थान प्रभारियों को शादियों के सीजन को देखते हुये भीड़भाड़ एवं डीजे की तेज आवाज की वजह से आमजन को समस्या हो सकती है।

इस बात को ध्यान में रखते हुए समस्त स्थान प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र में सतत भ्रमण कर व्यवस्था को बनाए रखेंगे एवं मानकों से अधिक आवाज में डीजे एवं ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग करने पर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। दिनांक 01.12.2025 को डीजे मालिक द्वारा रात्रि मे अधिक तेज आवाज में डीजे बजाकर आसपास




ध्वनि प्रदूषण होने से डीजे संचालक प्रवेश पुत्र विजयराम लोधी उम्र 25 साल निवासी मानपुर से समक्ष पंचाग डीजे जप्त कर थाना परिसर मे सुरक्षार्थ रखा जाकर डीजे संचालक के विरूध्द थाना पिछोर पर अपराध क्र 617/25 धाय 7/15 म.प्र कोलाहल नियत्रंण अधिनियम की कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक उमेश उपाध्याय, सउनि अरविन्द सगर, आर 425 धर्मेन्द्र सिह, आर 1039 भूपेन्द्र सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

# महाविद्यालय में गीता जयंती को महोत्सव के रूप में मनाया

**अशोकनगर।** पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय अशोकनगर मे आज गीता जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में व्याख्यान एवं विद्यार्थियों से चर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन और दीप प्रज्ज्वलन से हुआ।




इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य श्रीमद भागवत गीता में निहित कर्मयोग के सिद्धान्त और उसके आधुनिक व्यावसायिक प्रबन्धन एवं छात्र जीवन में प्रासंगिकता पर प्रकाश डालना था। श्रीमद् भागवत गीता केवल धार्मिक ग्रन्थ नहीं बल्कि जीवन प्रबन्धन का शाश्वत मार्गदर्शक है। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ रेनू राजेश ने श्रीमद भागवत गीता के महत्व पर प्रकाश डालते हुये कहा कि सही दिशा में किया गया कर्म ही सफलता का मार्ग बनाता है। इसलिये हम सभी को लक्ष्य पर केन्द्रित रहकर सही कर्म करने चाहिए। डॉ रेखा शर्मा एवं शिवसेवक चैधरी ने श्रीमद भागवत गीता के 18वें अध्याय के सार के बारे में बताते हुये कहा कि नेतृत्व और कर्तव्य परायणता के सिद्धान्त अत्यन्त महत्वपूर्ण है। अर्चना शर्मा ने व्यापार जगत में निस्काम कर्म के सिद्धान्त के विषय में विस्तार से समझाया। अंजली खटीक एवं डॉ राजकुमार जाट ने कहा कि श्रीकृष्ण द्वारा अर्जुन को दिये गये उपदेश हर उस विद्यार्थी के लिये है जो चुनौतियों, तनाव व असमंजस का सामना करते हैं। डॉ. रीना वासुनिया एवं जितेन्द्र ओझा ने गीता ज्ञान, कर्म और भक्ति का दर्शन विषय पर वक्तव्य दिया। इस अवसर पर डॉ अजना गुप्ता ने श्रीमद् भगवत गीता के 15वे अध्याय के श्लोकों का वाचन किया। डॉ. नवीन पटवा द्वारा कर्म के सिद्धान्त एवं राजयोग विषय पर चर्चा की गई। डॉ दीक्षा भट्ट ने अपने उद्बोधन में श्रीमद भागवत गीता के श्लोकों का अध्ययन, मनन तथा उनके व्यावहारिक अनुप्रयोग के महत्व पर प्रकाश डाला। इस आयोजन का उददेश्य विद्यार्थियों में सांस्कृतिक चेतना, नेतृत्व तथा प्रतिभा को प्रोत्साहित करना था। विद्यार्थियों ने भी विभिन्न श्लोको के अर्थ संदेश तथा उनके जीवन में उपयोग पर अपने विचार प्रस्तुत किये। महाविद्यालय के शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक स्टाफ के साथ साथ लगभग 200 विद्यार्थियों ने सहभागिता की।


### गीता के 15वें अध्याय के 20 श्लोकों का वाचन किया गया

# राजपुर, पिपरई व नारायणपुर स्कूलों में किया पाठ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जिले में तहसील से लेकर ग्रामीण अचंलों में चल रहे स्कूलों में 1 दिसंबर को गीता जयंती का आयोजन किया गया। जिनमें बड़ी सख्या में छात्र छात्राओं ने भाग लिया।





### राजपुर में गीता स्वाध्याय का आयोजन हुआ

राजपुर के शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में शासन के निर्देश पर गीता जंयती समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें 10 बच्चों ने गीता स्वाध्याय के 15वें अध्याय के 20 श्लोको का वाचन किया और उनका अर्थ बताया। इसी के साथ स्टाफ में से मुनेश करैया के द्वारा मंच का संचालन किया गया और गीता का पाठ हमें क्यों करना चाहिए इसके विषय में बताया गया। इसी के साथ में पूनम उपाध्याय मैडम के द्वारा भी गीता के श्लोक का वाचन किया गया और अमर सिंह निगम के द्वारा भी गीता के श्लोक को विस्तार पूर्वक समझाया गया और संजय बिजौले के द्वारा भी कृष्ण भगवान के जीवन और गीता में लिखित श्लोक को लोगों को अर्थ सहित समझाए और उसका महत्व बताया। इसी के साथ राकेश बरुआ के द्वारा भी गीता स्वाध्याय के ऊपर चर्चा की गई। अंत में प्राचार्य, दयाराम मौर्य के द्वारा भगवान कृष्ण के जीवन के ऊपर और उनके द्वारा लिखित गीता में वर्णित गीता सार जीवन जीने की कला है को समझाया गया। इस अवसर पर स्कूल का समस्त स्टाफ बच्चे उपस्थित रहे।

### संदीपनि विघालय पिपरई मे गीता पाठ हुआ

सोमवार को मध्य प्रदेश शासन के आदेशानुसार मार्गशीर्ष शुक्ल एकादशी को सांदीपनि शा.उ.मा. विद्यालय पिपरई में वीर भारत न्यास के विश्व गीता प्रतिष्ठान के तत्वाधान में गीता महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमे गीता के 15वे अध्याय का पाठ कराया गया। प्राचार्य मंगलेश शर्मा और विश्व गीता प्रतिष्ठान के तहसील प्रतिनिधि नवीन तिवारी ने भगवान श्री कृष्ण के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलनार्चन कर कार्यकर्म का औपचारिक शुभारम्भ किया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रमानुसार सरस्वती, ईश और गुरु वन्दना के बाद गीता के पन्द्रह्वे अध्याय के श्लोकों का वाचन कर पुरुषोत्तम योग के महत्त्व को बताया। कार्यक्रम में राहुल जैन सुमन अटल, मोनिका जैन, राकेश भाटी, धर्मेंद्र गिरि आदि शिक्षकों ने छात्रों के समवेत स्वर पाठ में सहयोग किया।

शा.उ.मा. विद्यालय नारायणपुर में गीता दिवस पर गीता पाठ का आयोजन किया गया। सोमवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नारायणपुर में गीता दिवस के अवसर पर श्रीमद् भागवत गीता जी के 15वे अध्याय का सामुहिक पाठ किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य भोलाराम शर्मा द्वारा श्रीमद् भागवत गीता में पुरुषोत्तम योग के ऊपर प्रकाश डाला गया। विद्यालय में उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं ने एवं सभी शिक्षक शिक्षकों ने सामूहिक गीतापाठ किया।

## मुनिश्री का थूवोनजी से अशोकनगर के लिए विहार, होंगे कई आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

दिगम्बर जैन दर्शन के मुनि श्री सुधासागर महाराज का 1 दिसम्बर को थूवोनजी से अशोकनगर के लिए विहार हो गया है। पहले मुनिश्री 3 पिच्छी धारी साधुओं के साथ थूवोनजी के लिए रवाना हुए थे और अब थूवोन जी से वापस आते समय वह 17 पिच्छीधारी साधुओं के साथ अशोकनगर के लिए चल रहे हैं।

मुनिश्री सुधासागर महाराज का अशोकनगर और थूवोनजी की धरा पर एतिहासिक चार्तुमास हुआ है। उनका यह चार्तुमास अब तक के संतों में सबसे बड़ा चार्तुमास है जो स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा। राष्ट्रीय स्तर के आयोजनों के साथ संस्कार शिविर और जैनेश्वरी दीक्षाएं एक नया इतिहास रच गईं हैं। मुनि श्री का संघ थूवोनजी से दोपहर में अशोकनगर के लिए विहार कर गया। उनके साथ में बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन चल रहे हैं। सुबह 2 दिसम्बर को उनकी आहार चर्या संभावित रूप से मनोज रन्नौद के वेयर हाउस पर होगी। अशोकनगर में मुनिश्री के 1992 में हुए चार्तुमास के दौरान ऐतिहासिक त्रिकाल चैबीसी मंदिर का निर्माण किया गया था। इस मंदिर का वार्षिक उत्सव आज 2 दिसंबर को है। इस मौके पर शांतिनाथ भगवान का महामस्तिकाभिषेक के साथ वृषभ रथ यात्रा का आयोजन होगा।